नवरातों में शेरावाली मेरे घर भी आ जाना लिरिक्स

नवरातों में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना,
चरण पखारूँ आरती उतारूँ,
आकर भोग लगा जाना,
नवरातो में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना।bd।

तर्ज – फूल तुम्हे भेजा है।

तेरी ज्योति से जोतावाली,
चारों तरफ उजियाला है,
मैहर करो माँ मेहरवाली,
तू ही कश्ती का किनारा है,
माँ बेटे का रिश्ता जग में,
मैया सबसे पुराना है,
नवरातो में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना।bd।

लाल लाल चुनरी लाल चूड़ा,
तेरे मन को भाए माँ,
रोली मोली कुमकुम मेहंदी,
तुझको खूब लुभाए माँ,
सिंह सवारी करके मैया,
एक बार दर्श दिखा जाना,
नवरातो में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना।bd।

नवरुपों का दर्शन करके,
मैंने तुझको पाया है,
चाँद सितारें फूल और खुशबु,
तुझमे ब्रम्हांड समाया है,
'पुरवा' कहे माँ जनम जनम तक,
तेरा दर्शन पाना है,
Bhajan Diary Lyrics,
नवरातो में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नवरातों में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना,
चरण पखारूँ आरती उतारूँ,
आकर भोग लगा जाना,
नवरातो में शेरावाली,
मेरे घर भी आ जाना।bd।

Singer – Poorva Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com